हरिभूमि
मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 15 सितंबर 2026
[देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा]

06 हत्या की आशंका जताकर निष्पक्ष जांच की मांग, एसआईटी...



07 बिना परमिट व समय सारणी के प्राइवेट बस मार्गों पर संचालन...



गाजे-बाजे और आतिशबाजी के साथ निकले गणेश प्रतिमाओं के चल समारोह

'गणपति बप्पा मोरिया' की मची रही धूम घर-घर विराजित की गईं गणेश प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

गणेश चतुर्थी के अवसर पर सोमवार को नगर में हिन्दू धर्मावलम्बियों के घरों में रिद्धि-सिद्धि के दाता भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की गईं। सुबह से शुरू हुआ गणेश प्रतिमाओं का चल समारोह देर शाम तक जारी रहा। सार्वजनिक पांडालों में प्रतिमा स्थापित किए जाने के साथ ही दस दिवसीय गणेशोत्सव प्रारंभ हो गए। सोमवार को शुभमूर्हुत में नागरिकों ने अपने-अपने घरों व प्रतिष्ठानों पर भगवान गजानन गणेश की प्रतिमा विधि-विधान व मंत्रोच्चार के साथ स्थापित की गईं। सायं बड़ा गणपति उत्सव समिति द्वारा सांवलिया नाथ मंदिर से व लोकमान्य तिलक सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति, चौक बाजार द्वारा शिवाजी चौराहे से गणेश प्रतिमाओं का भव्य चल समारोह निकाला गया। चल समारोह में बैंड बाजो के साथ बड़ी संख्या में भक्तगण गणपति बप्पा मोरिया के जयघोष के साथ चल रहे थे। सम्पूर्ण चल समारोह मार्ग पर नागरिकों द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमाओं पर पुष्प वर्षा भी की गई।

नगर के लगभग चालीस से अधिक स्थानों पर सार्वजनिक पांडालों में गणेश स्थापना की गई। जिसमें चारधाम मंदिर, मुखर्जी मार्ग, शिवाजी मार्ग, डोकरपुरा, रामपुरा, गोविन्दपुरा, गवलीपुरा, बस स्टेण्ड, पटेल चौराहा, नीमा कालोनी, जायसवाल कालोनी, भैसोदा रोड़ सहित कई स्थानो पर मंत्रोच्चार के साथ गणेश स्थापना की गई। देर शाम से रात्रि तक सम्पूर्ण नगर गणेशमय लग रहा था जिधर देखो उधर कोई सिर पर रखकर तो कोई वाहन पर विराजित कर विघ्नहर्ता को स्थापना हेतु ले जा रहे थे।





दुकानों पर लगी रही भीड़ सोमवार को नगर में प्रातःकाल से ही पार्थिव गणेश प्रतिमा विक्रय करने वाले दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानें सजा ली गई थी जहाँ दिनभर इन दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ लगी रही। इसके साथ ही सजावट की सामग्री की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ दिखाई दे रही थी।

शुभ मुहूर्त में घर-घर और पंडालों में विराजे गणपति बप्पा



कानड़। गणेश चतुर्थी हिंदुओं की आस्था का प्रमुख पर्व है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन भगवान श्री गणेश का जन्म हुआ था। इसी के चलते गणेश चतुर्थी से 10 दिवसीय गणेश उत्सव का शुभारंभ होता है। सोमवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर शुभ मुहूर्त में नगर में घर-घर एवं विभिन्न पंडालों में विघ्नहर्ता भगवान गणेश की प्रतिमाएं विधि-विधान के साथ विराजित की गईं। गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। किसी भी शुभ कार्य से पहले भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की जाती है। इसी मंगलकामना के साथ श्रद्धालुओं ने अपने घरों में गणेश प्रतिमा की स्थापना कर सुख-समृद्धि एवं परिवार में मंगल की कामना की।

प्रतिमाओं की दुकानों पर दिनभर रही भीड़- गणेश प्रतिमाओं की स्थापना को लेकर नगर में खासा उत्साह देखने को मिला। सुबह से लेकर देर शाम तक गणेश प्रतिमाओं की दुकानों पर भक्तों की भीड़ लगी रही। दुकानों



पर पारंपरिक रंगों से लेकर आधुनिक वाटर कलर से सजी आकर्षक गणेश प्रतिमाएं बिक्री के लिए उपलब्ध रहीं। श्रद्धालु अपनी पसंद के अनुसार प्रतिमाओं का चयन करते नजर आए।इस वर्ष श्रद्धालुओं में मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमाओं की मांग भी अधिक देखने को मिली। कई श्रद्धालुओं ने स्वयं मिट्टी की प्रतिमाएं तैयार की हैं, जिन्हें शुभ मूहूर्त में अपने घरों एवं पंडालों में स्थापित किया गया। गणेश प्रतिमाओं को ले जाने का सिलसिला सुबह से लेकर देर शाम तक चलता रहा।

नगर में माता जी चौराहा, गोदी चौराहा, पीपल चौक, बोरखेड़ी जोड़, ठाकुर मोहल्ला, घट्टा सैरी, शिव पहाड़ी, सती कॉलोनी, विवेकानंद कॉलोनी सहित अनेक स्थानों पर सार्वजनिक रूप से गणेश प्रतिमाएं विराजित की गईं। विभिन्न पंडालों में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना के साथ ही आगामी 10 दिनों तक पूजा-अर्चना, आरती एवं धार्मिक आयोजनों का दौर चलेगा। नगर के अति प्राचीन पीपल चौक स्थित श्री सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में भी भगवान गणेश का आकर्षक श्रृंगार एवं साज-सज्जा की गई।

चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में बढ़ाया नगर का मान

डॉ. स्वाति गोयल की जिला सिविल हॉस्पिटल में प्रथम नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

डॉ. स्वाति गोयल ने चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में कदम रखते हुए नगर का गौरव बढ़ाया है। डॉ. स्वाति की जिला सिविल हॉस्पिटल आगर मालवा में प्रथम नियुक्ति हुई है।



शा स की य चिकित्सक के रूप में उनकी सेवा की शुरुआत होने पर परिवार सहित नगर में खुशी का माहौल है। परिचितों, शुभचिंतकों और नगरवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। डॉ. स्वाति ने चिकित्सा शिक्षा पूरी करने के बाद अब मरीजों की सेवा के माध्यम से अपने चिकित्सकीय दायित्व की शुरुआत की है। जिला सिविल हॉस्पिटल आगर मालवा में मिली पहली नियुक्ति उनके लिए विशेष उपलब्धि है। परिवारजनों का कहना है कि डॉ. स्वाति ने शिक्षा के दौरान मेहनत और लगन से अपने लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाए और अब शासकीय स्वास्थ्य सेवा में अपनी जिम्मेदारी निभाने का अवसर मिला है।

सेवा और समर्पण से पहचान बनाने की उम्मीद

प्रथम नियुक्ति पर डॉ. स्वाति ने कहा कि चिकित्सकीय सेवा केवल पेशा नहीं, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य और जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उनका प्रयास रहेगा कि अस्पताल आने वाले मरीजों के साथ संवेदनशीलता के साथ व्यवहार करते हुए उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में अपनी भूमिका निभाएं। नगर की बेटी की शासकीय चिकित्सक के रूप में प्रथम नियुक्ति की खबर सामने आने के बाद शुभचिंतकों और नगरवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त की। लोगों ने कहा कि छोटे शहर से निकलकर चिकित्सा क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करना अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है। डॉ. स्वाति की नियुक्ति को नगर के लिए गौरव और खुशी का अवसर बताते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

नलखेड़ा में अभा गुर्जर देव सेना ने मनाया अंतरराष्ट्रीय गुर्जर दिवस

नलखेड़ा। सोमवार को अखिल भारतीय गुर्जर देव सेना द्वारा नगर के डोकरपुरा में स्थित श्री देवनारायण मंदिर पर अन्तर्राष्ट्रीय गुर्जर दिवस के अवसर पर गुर्जर सम्राट मिहिर भोज के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में समाज सुधार एवं सम्राट मिहिर भोज के जीवन पर वक्ताओं द्वारा प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संचालन शिवनारायण गुर्जर रोजड़ी एवं आभार जिलाध्यक्ष बनेसिंह गुर्जर द्वारा व्यक्त किया गया।

नगर में रही हरतालिका तीज की धूम, शिव मंदिरों में उमड़ी महिलाओं की भीड़

महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर की शिव-पार्वती की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

अखंड सौभाग्य एवं सुखी दांपत्य जीवन की कामना का पर्व हरतालिका तीज सोमवार को नगर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना की। नगर के विभिन्न शिव मंदिरों एवं देवी मंदिरों में सुबह से ही महिलाओं की भीड़ देखने को मिली।

महिलाएं सोलह श्रृंगार कर पूजा की थाली लेकर मंदिर पहुंचीं और भगवान शिव व माता पार्वती को पुष्प, फल, नैवेद्य सहित विभिन्न पूजन सामग्री अर्पित की। महिलाओं ने भगवान शिव से अपने पति की





लंबी आयु, सुख-समृद्धि तथा परिवार में खुशहाली की कामना की। कई महिलाओं ने अपने घरों एवं मंदिरों में भगवान शिव-पार्वती की आकर्षक झांकियां भी सजाईं। हरतालिका तीज के अवसर पर नगर में महिलाओं ने शिव-पार्वती की कथा का श्रवण भी किया। मान्यता के अनुसार, माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी। माता पार्वती की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें पति रूप में स्वीकार किया था। इसी मान्यता के चलते सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य और सुखी दांपत्य जीवन की कामना से यह कठिन व्रत रखती हैं।हरतालिका तीज का व्रत सुहागिन महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है। इस दिन महिलाएं निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करती हैं। वहीं कुंवारी कन्याएं भी मनचाहे वर की प्राप्ति एवं सुखी वैवाहिक जीवन की कामना से यह व्रत रखती हैं।

रक्तमित्र नागेश्वर मालवीय को अयोध्या में मिला राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान



मंदसौर। प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में आयोजित राष्ट्रीय सम्मान समारोह एवं रक्तदान महोत्सव में मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले के रानाखेड़ा का नाम गर्व के साथ गूंजा। रामकृष्ण सेवा फाउंडेशन, अयोध्या द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय कार्यक्रम के संस्थापक आकाश गुप्ता हैं, जिसमें सहयोगी संस्था मेजर ध्यानचंद खेल उत्थान समिति रही। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के सुपुत्र, प्रख्यात हॉकी खिलाड़ी अशोक ध्यानचंद, जौनपुर की महारानी एडवोकेट उर्वशी सिंह सहित स्थानीय विधायक, सांसद, महापौर एवं अनेक गणमान्य नेतागण उपस्थित रहे।

हमेशा ईश्वर की शरणागत मांगे : बाल संत साध्वी मनीषा



नलखेड़ा। ईश्वर कर्मों के हिसाब से फल देता है। अगर आपने अच्छे कर्म किए तो स्वर्ग मिलेगा और बुरे कर्म किए तो नर्क मिलेगा। स्वर्ग और नरक इसी धरती पर है। अगर आप स्वर्ग प्राप्ति की इच्छा करते हो तो ईश्वर से अहंकार नहीं उनकी शरणागत मांगे यही स्वर्ग है। उक्त विचार नीमा ग्राउंड पर चल रही सप्त दिवसीय भागवत कथा के दूसरे दिन सोमवार को कथावाचक बाल संत साध्वी मनीषा ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि ईश्वर से विनती करो कि भगवान प्राणी मात्र की रक्षा करें। अगर मुझसे कोई भूल हुई हो तो क्षमा कर आपकी शरणागत देवें, आपने सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा जी के चार वरदान भी बताएं। प्रथम आया है सो जाएगा, दूसरा जो आया है वह गया नहीं जैसे धरती आकाश या चर अचर है इस प्रकार दो अन्य वरदानों का भी अपने विस्तृत वर्णन किया। कथा विश्राम पर पोथी जी की आरती कर प्रसादी का वितरण किया गया।

अम्बिका केयर हॉस्पिटल में विधि-विधान से हुई भगवान गणेश की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

अम्बिका केयर हॉस्पिटल, आगर मालवा में गणेश चतुर्थी के अवसर पर भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना विधि-विधान एवं पूजा-अर्चना के साथ की गई। इस दौरान अस्पताल परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर नजर आया। अस्पताल के चिकित्सकों एवं स्टाफ ने भगवान गणेश जी का पूजन कर सुख-समृद्धि एवं सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। गणेश स्थापना के अवसर पर डॉ. हिमांशु चोयल राजपूत (पेट रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन), डॉ. राहुल काम्बले (एमडी मेडिसिन), डॉ. संदीप पवार (एमडी रेडियो), डॉ. फौजिया मुल्तानी (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. विशाल बनसिया सहित अस्पताल का पूरा स्टाफ मौजूद रहा। सभी ने भगवान गणेश की आरती एवं पूजा-अर्चना में सहभागिता की।



8 वर्षों से स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर योगदान

अम्बिका केयर हॉस्पिटल द्वारा बताया गया कि अस्पताल पिछले 8 वर्षों से आगर मालवा जिले में निरंतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि प्रत्येक मरीज का बेहतर उपचार एवं उसकी देखभाल करना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी और कर्तव्य है। अस्पताल में मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रकार की जांच, सोनोग्राफी, एक्स-रे सहित आवश्यक स्वास्थ्य जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार मरीजों को उचित एवं वाजिब दरों पर स्वास्थ्य जांच सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाता है।

संवत्सरी पर्व आज, समाजजन प्रतिक्रमण कर सभी जीवों से करेंगे क्षमायाचना

मंदिरों में परमात्मा की मन मोहक आंगी रचना की जा रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

जैन श्वेतांबर समाज के चल रहे पर्वाधिराज पर्युषण पर्व के सप्तम दिवस सोमवार को जिन मंदिरजी तथा दादावाड़ी में परमात्मा की प्रतिमा के साथ अन्य प्रतिमाओं की मनमोहक आंगी रचना की गई। आठ दिवसीय पर्व के अंतिम दिवस आज संवत्सरी पर्व मनाया जाएगा। समाजजन उपवास के साथ अन्य तपस्या कर सामूहिक प्रतिक्रमण कर सभी जीवों से क्षमा याचना करेंगे। सामूहिक क्षमावाणी का पर्व 16 सितंबर को मनाया जाएगा।

इस वर्ष स्थानीय श्वेतांबर जैन समाज में साध्वी राजगुणा श्रीजी महाराज आदि ठाणा 4 का चातुर्मास चल रहा है। साध्वी की पावन निश्रा में समाजजनों द्वारा पवित्र अध्यात्म महापर्व पर्वाधिराज पर्युषण श्रद्धा भक्ति के साथ मनाये



जा रहे हैं। पर्वाधिराज पर्युषण की आठ दिवसीय आराधना श्रावक और श्राविकाओं को सामूहिक रूप से करवाने के लिए समकित परिवार मुंबई से 3 साधर्मिक भाई खुशाल भाई, नितेश भाई, अभिषेक भाई नलखेड़ा पधारे हैं। पर्वाधिराज पर्युषण पर्व के सप्तम दिवस सोमवार को जिन मन्दिर के मूलनायक चंदाप्रभु भगवान , पार्श्वनाथ भगवान और दादा गुरुदेव की मन मोहक अंग रचना की गई। वहीं श्री जिन कुशल दादावाड़ी जिन मंदिर में भी प्रभुजी ओर गुरुदेव, नाकोड़ा भैरव की मन मोहक अंगरचना की गई। पर्व के सातवें दिवस विशेष कार्यक्रम सुपात्र भक्ति एवं साधार्मिक भक्ति का विशेष महत्व पर समाज के युवाओं द्वारा सुपात्र भक्ति का वास्तविक स्वरूप एवं महत्व। साधार्मिक भक्ति क्यों आवश्यक है और इसे कैसे करें।

भक्ति को जीवन में सही रूप से उतारने की व्यावहारिक विधि पर प्रकाश डाला गया। वही बालिकाओं द्वारा सुपात्र दान पर लघु नाटिका की प्रस्तुति दी गई। प्रवचन उपरांत श्री संघ के लाभार्थी परिवारों द्वारा सामूहिक रूप से विशिष्ट प्रभावना की गई। प्रभावना का वितरण प्रितेश कुमार प्रेमचंद तिलगोता परिवार द्वारा किया गया।

बारसा सूत्र शास्त्र की शोभायात्रा निकाली

पर्युषण महापर्व के सप्तम दिवस सोमवार को श्री बारसा सूत्र शास्त्र का मंगल लाभ शांतिलाल मनोज कुमार फाफरिया परिवार द्वारा लिया गया। प्रवचन उपरांत शास्त्रजी को गाजे-बाजे के साथ उनके निवास स्थान पर ले जाया गया। जहां लाभार्थी परिवार द्वारा 1 घंटे का सामूहिक नवकार मंत्र जाप का आयोजन रखा गया। मंगलवार को जिन मंदिर जी से शास्त्रजी की शोभायात्रा निकाली जाएगी और जैन आराधना भवन में साध्वीजी को शास्त्र वांचन हेतु भेंट किया जाएगा। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान श्री महावीर स्वामी के जन्म वांचन पर श्री संघ नलखेड़ा के युवाओं तथा बच्चों ने मंदिर आने में असमर्थ श्रावक- श्राविकाओं को उनके घर (निवास) पर भगवान को ले जाकर केसर पूजा के साथ अष्ठ प्रकारी पूजा कराई गईं। परिवार जनों द्वारा सभी को प्रभावना की गई।

खबर संक्षेप

पुण्यतिथि पर कंबल का किया वितरण



देवास। श्री नीम करोली सेवा समिति द्वारा हनुमान अंश नीम करोली बाबा की पुण्यतिथि प्रतिवर्षानुसार इस सातवें वर्ष भी श्रद्धा, भक्ति एवं सेवा भावना के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समिति सदस्यों एवं भक्तों ने शामिल होकर बाबा के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित किए। संस्था सदस्य गौतम पंचोली ने बताया कि पुण्यतिथि के अवसर पर बाबा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पमाला अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक गायत्री राजे पवार उपस्थित रहीं। समिति अध्यक्ष संतोष पंचोली सहित समिति सदस्यों एवं भक्तों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कर महाप्रसादी का वितरण किया। इसके पश्चात भक्तों को हलवा-पूड़ी की प्रसादी वितरित की गई। साथ ही शासकीय होस्टल के जरूरतमंद बच्चों को कंबल का वितरण किया। इस अवसर पर अजय अग्रवाल, मदन सिंह धाकड़, विद्युत मालाकार, नितिन आहूजा, धर्मेंद्र सिंह बेस (पार्षद), मनीष सेन, जुगनू गोस्वामी, राजेश यादव, नवीन सोलंकी, संजय शुक्ला, अतुल पंड्या, रमेश कलथिया, अजय चौहान, मनोज गोयल, विकास गिरी, अखलेश धुरिया, पृथ्वीराज चौहान, रोहित तिवारी, संदीप चौधरी, कैलाश बेस, सोनू झाला, नयन कानूनगो, विधान अग्रवाल, योगेंद्र कावल, दिनेश यादव, मनीष जैन, संजय जाधव, कुंदन भीमोदिया, सुनील परमार, अनिल सवनेर, उमेश सोनी, अमित मोदी, सुदेश मालवीय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। अंत में सचिव जितेंद्र डिडवानी ने सभी अतिथियों, समिति सदस्यों एवं भक्तों का आभार व्यक्त किया।

जई बाई की मौत पर फूटा आदिवासी समाज का गुस्सा, थाने का 5 घंटे घेराव

हत्या की आशंका जताकर निष्पक्ष जांच की मांग, एसआईटी गठन सहित 8 मांगें रखीं

ग्रामीण एएसपी के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



इंदौर-बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे खेड़ा खाल के जामनझीरी जंगल में 10 मई को हुई जामनझीरी निवासी जई बाई की मौत का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। महिला की मौत की परिस्थितियां स्पष्ट नहीं होने और समाज द्वारा इसे संदिग्ध मौत बताते हुए हत्या की आशंका जताए जाने के बाद सोमवार को आदिवासी समाज के बड़ी संख्या में लोगों ने कमलापुर थाने का करीब पांच घंटे तक घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और वास्तविकता सामने लाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जई बाई की मौत के बाद से ही कई सवाल उठ रहे हैं। समाज के लोगों ने आरोप लगाया कि मामले में अब तक मौत की परिस्थितियों का स्पष्ट खुलासा नहीं हुआ है। उन्होंने पुलिस से घटना स्थल से जुड़े सभी पहलुओं की दोबारा जांच करने, महिला की मौत से पहले की गतिविधियों और परिस्थितियों की बारीकी से पड़ताल करने तथा यदि किसी व्यक्ति की भूमिका सामने आती है तो उसके खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

कार्रवाई नहीं करने का आरोप

प्रदर्शन के दौरान आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने पुलिस प्रशासन पर मामले में अपेक्षित कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। समाज के बेर सिंह डावर एवं आदिवासी युवा शक्ति के प्रदेश अध्यक्ष पवन डाबर सहित अन्य लोगों ने कहा कि जई बाई की मौत की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस द्वारा मामले में आरोपियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। समाज ने स्पष्ट किया कि जब तक महिला की मौत की वास्तविक परिस्थितियां सामने नहीं आतीं, तब तक वे मामले की जांच से संतुष्ट नहीं होंगे। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि मौके पर कोई वरिष्ठ अधिकारी नहीं पहुंचा तो वे इंदौर-बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्काजाम करेंगे। इसके बाद करीब पांच घंटे के अंतराल में एएसपी ग्रामीण सौम्या जैन और तहसीलदार पीहू कुरील मौके पर पहुंचे।

एएसपी ने दिया निष्पक्ष जांच का भरोसा

एएसपी सौम्या जैन ने प्रदर्शनकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि मामले की जांच की जाएगी और जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बागली एसडीओपी संजय सिंह बेस ने भी पुलिस का पक्ष रखते हुए बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फिलहाल हत्या जैसी स्थिति सामने नहीं आई है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच अभी जारी है। जांच के दौरान यदि हत्या से संबंधित कोई तथ्य सामने आता है तो उसके आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस के इस पक्ष के बावजूद समाज के लोग महिला की मौत की परिस्थितियों की गहराई से जांच की मांग पर अड़े रहे।

रखीं आठ प्रमुख मांगें

प्रदर्शन के दौरान आदिवासी समाज ने एएसपी के समक्ष आठ मांगें रखीं। इनमें शंभू सिंह सोलंकी के खिलाफ अपहरण और हत्या का प्रकरण दर्ज करने, जई बाई की मौत के मामले में एसआईटी गठित करने, कथित रूप से साक्ष्य मिटाने वाले अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने, जांच अधिकारी बदलने और मामले का तत्काल खुलासा करने की मांग प्रमुख रही। इसके अलावा पीड़ित परिवार को शासन-प्रशासन की ओर से आर्थिक सहायता देने, शंभू सिंह और उसके साथियों को न्यायालय में पेश कर रिमांड लेने तथा न्यायालय के आदेश के बाद शंभू सिंह का नार्को टेस्ट कराने की मांग भी रखी गई।

आश्वासन के बाद माने

करीब पांच घंटे तक चले घेराव और प्रदर्शन के बाद एएसपी सौम्या जैन द्वारा निष्पक्ष जांच और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने पर आदिवासी समाज के लोग शांत हुए। इसके बाद प्रदर्शन समाप्त किया गया।

रेलवे फाटक के पास जुआ खेलते 14 आरोपी गिरफ्तार

2.52 लाख रुपए नकद जब्त किए



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

ऑपरेशन प्रहार के तहत देवास पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम ब्राह्मणखेड़ी रेलवे फाटक के किनारे दबिश देकर 14 आरोपियों को जुआ खेलते गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से 2 लाख 52 हजार 250 रुपए नकद, ताश की तीन गड्डियां, 15 मोबाइल फोन, दो मोटरसाइकिल, दो स्कूटी और दो ऑटो रिक्शा जब्त किए हैं।

जब्त मशरूके की कुल अनुमानित कीमत करीब 8 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस के अनुसार 13 सितंबर की देर रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि ब्राह्मणखेड़ी रेलवे फाटक के पास कुछ लोग हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर एएसपी गजेंद्र सिंह वर्धमान के मार्गदर्शन और उप पुलिस अधीक्षक अभिषेक गौतम के निर्देशन में बैंक नोट प्रेस थाना प्रभारी निरीक्षक प्रीति कटारे ने पुलिस टीम के साथ मौके पर दबिश दी।कार्रवाई के दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर 14 जुआरियों को पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से नकदी और अन्य सामग्री जब्त की गई। मामले में थाना बैंक नोट प्रेस में अपराध क्रमांक 564/2026 के तहत धारा 13 जुआ एक्ट में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई है।

गिरफ्तार आरोपियों में अशफाक खान, अकील अहमद, आबिद शेख, सईद शेख, आमीन खान, शाहीद कुरैशी, बालकृष्ण मालवीय, समीर अंसारी, मिथुन शर्मा, अनवर मंसूरी, रजनीश पटेल, इमरान शेख, हारून शेख और सादिक शामिल हैं। कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रीति कटारे सहित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका रही।

गणेश मंदिर नागदा में लगा रहा श्रद्धालुओं का तांता

देवास। नागदा स्थित प्राचीन श्री सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। शहर के अलावा आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में भक्त मंदिर पहुंचे और भगवान गणेश के दर्शन कर सुख-समृद्धि और निरोगी जीवन की कामना की। गणेश चतुर्थी पर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। सुबह 7.30 बजे भगवान गणेश की आरती हुई। इसके बाद मंदिर में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। मान्यता है कि यह मंदिर पांडवों और राजा परीक्षित के समय का है। इसी आस्था के चलते यहां सालभर श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। मंदिर के पुजारी मनीष दुबे ने बताया कि गणेश चतुर्थी से लगातार 10 दिनों तक मंदिर परिसर में विशेष हवन किया जाएगा। रोज 1000 मोदक से हवन हो रहा है। यह प्रक्रिया करीब दो से तीन घंटे चलती है।

टाइल्स से भरा ट्राला पलटा, आवागमन बाधित



चापड़ा। नेमावर रोड पर रविवार देर रात टाइल्स से भरा ट्राला अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। जानकारी अनुसार ट्राला टाइल्स भरकर चापड़ा से नेमावर की ओर जा रहा था। उमिया हॉस्पिटल के समीप पहुंचने पर अचानक चालक का वाहन से संतुलन बिगड़ गया और ट्राला सड़क पर पलट गया। बताया जा रहा है कि चालक चौराहे से तेज गति से ट्राला लेकर निकला था, जिसके बाद हॉस्पिटल के पास वाहन अनियंत्रित हो गया। ट्राला पलटने से उसमें भरी टाइल्स सड़क पर बिखर गईं, जिससे मार्ग पर आवागमन बाधित हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और देर रात क्रेन की मदद से ट्राले को सड़क से हटवाया। इसके बाद मार्ग पर यातायात सुचारू हो सका। हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

बाबा रामदेव की ज्योत का किया स्वागत



चापड़ा। प्रतिवर्ष ग्राम लसूडिया लाड़ के ग्रामीणों द्वारा राजस्थान के खरनाल से बाबा रामदेव की ज्योत पैदल लाई जाती है। इस वर्ष भी ग्रामीण करीब 800 किलोमीटर का सफर तय कर बाबा रामदेवजी के जन्मोत्सव के अवसर पर ज्योत लेकर चापड़ा पहुंचे। ज्योत के चापड़ा पहुंचने से पहले ग्राम मोखापिपल्या के खेड़ा मार्ग पर जाट समाज के लोगों द्वारा श्रद्धा के साथ ज्योत का पूजन कर स्वागत किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने बाबा रामदेवजी की ज्योत के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का स्वागत किया। इस अवसर पर उप सरपंच रामेश्वर जाट, बहादुर सिंह सेंधव, बलराम जाट, महेश पटेल, ओम जाट सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

संस्था श्री विश्व राजा द्वारा हनुमान अंश कथा का निःशुल्क सामूहिक प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

संस्था श्री विश्व राजा की पहल पर संस्था अध्यक्ष एवं भाजपा नेता मनोज श्रीवास्तव द्वारा श्रद्धालुओं एवं समाजजनों के लिए हनुमान अंश कथा का निःशुल्क सामूहिक प्रदर्शन आयोजित किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने एक साथ बैठकर भगवान श्री हनुमान की भक्ति, आस्था, संस्कार और समर्पण से जुड़ी कथा का आनंद लिया।

मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि हनुमान अंश को केवल एक फिल्म के रूप में नहीं, बल्कि भगवान श्री हनुमान की भक्ति, आदर्शों और सनातन संस्कृति से जुड़ी कथा के रूप में देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और संस्कारों से जोडऩे का माध्यम बनते हैं। कथा के समापन के पश्चात श्रद्धालुओं एवं समाजजनों को प्रसाद का वितरण किया गया। उपस्थित लोगों ने कथा की प्रभावशाली प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रस्तुति मन को भगवान श्री हनुमान की भक्ति से जोडऩे वाली और प्रेरणादायी रही। श्रद्धालुओं ने इसके अगले भाग के लिए भी उत्सुकता व्यक्त की। समाजजनों ने संस्था श्री विश्व राजा की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से सनातन परंपरा और संस्कारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का यह सराहनीय प्रयास है।

सुरसुरा धाम से लाई जाएगी अखंड ज्योत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



वीर तेजाजी महाराज की तेजादशमी के अवसर पर ग्राम गुराड़िया गुर्जर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी विशेष धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। इसी परंपरा के तहत ग्रामीण करीब 525 किलोमीटर दूर राजस्थान स्थित सुरसुरा धाम से अखंड ज्योत लाने के लिए रवाना हुए हैं। बाबूलाल मुकाती ने बताया कि ग्रामीण सोमवार को ग्राम गुराड़िया गुर्जर से सुरसुरा धाम के लिए रवाना हुए हैं। वहां से अखंड ज्योत लेकर बुधवार को वापस लौटेंगे। बुधवार को नेवरीफाटा से अखंड ज्योत की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा नराना, बुधनगांव, मलेडिया फाटा, डकाच्या फाटा एवं पंदाजागीर होते हुए ग्राम गुराड़िया गुर्जर पहुंचेगी। ग्राम पहुंचने के बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अखंड ज्योत को वीर तेजाजी महाराज के मंदिर में स्थापित किया जाएगा।ग्रामीणों के अनुसार अखंड ज्योत सात दिनों तक मंदिर में प्रज्वलित रहेगी। तेजादशमी के अवसर पर मंदिर में विशेष आयोजन के साथ ग्रामीणों द्वारा भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

आबकारी विभाग की कार्रवाई में दो आरोपी गिरफ्तार

3.93 लाख रुपए की मदिरा और वाहन किया जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अवैध मदिरा के संग्रहण एवं परिवहन के खिलाफ आबकारी विभाग ने सोमवार अलसुबह कार्रवाई करते हुए खारी बावड़ी, अखाड़ा रोड मालीपुरा क्षेत्र से एक स्विफ्ट कार में ले जाई जा रही 22 पेटी देशी-विदेशी शराब जब्त की। कार्रवाई में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार कंट्रोल रूम प्रभारी निलेश पंवार के नेतृत्व में आबकारी टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि इंदौर से अवैध रूप से शराब की खेप देवास लाई जा रही है। सूचना पर टीम ने खारी बावड़ी क्षेत्र में घेराबंदी कर स्विफ्ट कार क्रमांक एमपी 09 एमसी 3680 को रोका। तलाशी लेने पर कार की डिक्की और बीच के हिस्से से 20 पेटी देशी मदिरा प्लेन तथा दो पेटी लंदन प्राइड व्हिस्की बरामद हुई। कुल शराब की मात्रा 198 बल्क लीटर बताई गई है।मामले में वाहन चालक रोहित जाधव और अर्पित चौहान, दोनों निवासी देवास, को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क) एवं 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई है। आबकारी विभाग के अनुसार जब्त शराब प्रथम दृष्टया इंदौर जिले की सप्लाई वाली प्रतीत हो रही है, जिसकी जांच की जा रही है। जब्त मदिरा और वाहन का कुल बाजार मूल्य करीब 3 लाख 93 हजार रुपए बताया गया है। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक प्रेम यादव, राजाराम रायकवार, दीपक धुरिया सहित आबकारी आरक्षक निहाल खत्री, निकिता परमार और सैनिक अनिल चौहान शामिल रहे।

स्वयंभू गणेश मंदिर में गूंजा गणपति बप्पा मोरया, सवा क्विंटल लड्डू का लगा भोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर भौरासा नगर में श्रद्धा और उत्साह का माहौल रहा। गणेश चतुर्थी के अवसर पर प्राचीन स्वयंभू गणेश मंदिर, माहेश्वरी समाज धर्मशाला स्थित गणेश मंदिर सहित नगर के अन्य मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और भव्य आरती हुई। स्वयंभू गणेश मंदिर में मंदिर के पुजारियों एवं महंत सदाशिव गिरी गोस्वामी, कमल गिरी गोस्वामी, महंत संतोष गिरी गोस्वामी और नर्मदा प्रसाद गिरी गोस्वामी ने आरती की। इसके बाद नगर पंचायत अध्यक्ष संजय जोशी सहित श्रद्धालुओं ने आरती कर भगवान गणेश का आशीर्वाद लिया। आरती के पश्चात प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी स्वयंभू गणेश मंदिर में सवा क्विंटल लड्डुओं का भोग लगाया गया और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। वहीं माहेश्वरी समाज मंदिर में भगवान गणेश का आकर्षक श्रृंगार कर समाज के वरिष्ठजनों द्वारा भव्य आरती की गई। दोनों मंदिरों में आरती के बाद प्रसादी का वितरण हुआ।

बैठक में अभियान की तैयारियों पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



भारतीय जनता पार्टी संगठन के निर्देशानुसार पिपलेश्वर नगर मंडल के अंतर्गत सांवेर शक्ति केंद्र की मासिक बैठक रविवार को मीडिया प्रभारी तरुण शर्मा के निवास पर आयोजित की गई। बैठक में आगामी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अंतर्गत सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं संगठनात्मक तैयारियों पर चर्चा की गई।बैठक में विधानसभा प्रभारी महेश पाटीदार, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह राजपूत, एल्डरमैन राजेश बारोड़, मंडल महामंत्री बहादुरसिंह चौहान, उपाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, वरिष्ठ कार्यकर्ता मेहरबान सिंह चौधरी, पप्पी यादव सहित संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने अभियान के तहत होने वाले कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से आयोजित करने तथा संगठन की गतिविधियों को बूथ स्तर तक पहुंचाने पर जोर दिया।

17 सितंबर से शुरू होगा सेवा संकल्प अभियान, पत्रकार वार्ता आयोजित

100 दीपकों से रोशन होंगे जिले के भाजपा बूथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से भाजपा द्वारा देशभर में शुरू किए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत देवास जिले में भी एक माह तक विभिन्न सेवा और जनभागीदारी के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. दिव्या गुप्ता एवं जिलाध्यक्ष डॉ. रायसिंह सैंधव ने सोमवार को प्रेसवार्ता में अभियान की रूपरेखा की जानकारी दी।प्रदेश प्रवक्ता डॉ. दिव्या गुप्ता ने बताया कि अभियान की शुरुआत 17 सितंबर को 'सेवा दिवस' के रूप में होगी।

इस दिन जिले के प्रत्येक बूथ पर 100-100 दीपक जलाए जाएंगे। शाम 7 बजे 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ आम नागरिक और लाभार्थी परिवार भी सहभागी होंगे। अभियान को केवल भाजपा कार्यकर्ताओं तक सीमित नहीं रखा जाएगा। इसमें युवा, महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और आम नागरिकों को जोड़ा जाएगा। साथ ही सरकारी एवं निजी स्कूलों में 'सपनों का भारत' विषय पर चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। नुक्कड़ नाटक एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी गांवों, स्कूलों, कॉलेजों एवं सार्वजनिक स्थानों तक पहुंचाई जाएगी।सेवा सेतु' शिविरों के माध्यम से पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने और आवेदन में सहायता की जाएगी। वहीं 7 अक्टूबर को 'सेवा ज्योति यात्रा' निकाली जाएगी।

इसमें पदयात्रा, साइकिल एवं बाइक समूह निर्धारित स्थान पर पहुंचेंगे और जनसंवाद के साथ विकसित भारत-2047 का सामूहिक संकल्प लिया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सैंधव ने कहा कि अभियान का उद्देश्य सेवा को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना और विकसित भारत के निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने 17 सितंबर को शाम 7 बजे घर पर दीपक जलाकर अभियान से जुड़ने की अपील की। प्रेसवार्ता में पूर्व जिलाध्यक्ष बहादुर मुकाती, जिला महामंत्री राजेश यादव, जिला प्रवक्ता रुचिका बर्डे एवं प्रतीक सोलंकी उपस्थित रहे।

बिन मौसम कोहरे से किसानों में चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



क्षेत्र में लंबे समय बाद शुरू हुआ बारिश का दौर किसानों के लिए राहत के साथ चिंता भी लेकर आया है। पिछले तीन दिनों से क्षेत्र में कभी तेज तो कभी मध्यम बारिश हो रही है, लेकिन सोमवार सुबह रिमझिम बारिश के बीच अचानक घना कोहरा छा गया। सुबह करीब 6 बजे छाया कोहरा कई घंटों तक बना रहा, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई। किसानों का कहना है कि इस मौसम में अचानक कोहरा पड़ने से सोयाबीन सहित अन्य फसलों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। अधिक नमी और कोहरे के कारण फसलों में विभिन्न प्रकार की बीमारियां लगने की आशंका रहती है, जिससे उत्पादन प्रभावित हो सकता है।इधर, क्षेत्र में हो रही बारिश के बावजूद किसान आगामी रबी फसल को लेकर पूरी तरह निश्चिंत नहीं हैं। उनका कहना है कि रुक-रुककर हो रही बारिश से अभी जलस्तर में अपेक्षित बढ़ोतरी नहीं हुई है। क्षेत्र के कई कुएं और बावड़ियां अभी भी खाली नजर आ रहे हैं, जबकि नदी-नाले भी पर्याप्त रूप से नहीं भर पाए हैं। फिलहाल बिन मौसम छाए घने कोहरे ने खरीफ फसलों की चिंता बढ़ा दी है, वहीं पर्याप्त बारिश नहीं होने से किसान रबी सीजन को लेकर भी चिंतित नजर आ रहे हैं।

परिवहन निगम की मनमानी के खिलाफ बस ऑपरेटर्स ने सौंपा ज्ञापन

बिना परमिट व समय सारणी के प्राइवेट बस मार्गों पर संचालन करने का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



जिला बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन ने परिवहन निगम द्वारा नियमों की अनदेखी कर प्राइवेट बसों के मार्गों पर बसों का संचालन किए जाने का आरोप लगाते हुए राज्यमंत्री मनोहरलाल को ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन ने परिवहन निगम झांसी के कथित मनमाने संचालन पर रोक लगाने तथा निर्धारित परमिट और समय सारणी के अनुसार ही बसों का संचालन सुनिश्चित कराने की मांग की है।

ज्ञापन में एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि परिवहन निगम को जनपद के विभिन्न ग्रामीण मार्गों पर बस संचालन के लिए 16 परमिट जारी किए गए हैं, लेकिन इन परमिटों की समय सारणी पूर्ण नहीं है। आरोप है कि निगम द्वारा निर्धारित ग्रामीण मार्गों पर संचालन करने के बजाय पहले से संचालित प्राइवेट बसों के मार्गों पर बसें संचालित की जा रही हैं। इससे निजी बस संचालकों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। एसोसिएशन का आरोप है कि परिवहन नियमों की अनदेखी करते हुए निगम की बसें प्राइवेट बसों के आगे लगाकर संचालित की जा रही हैं। समय सारणी निर्धारित नहीं होने के कारण दोनों पक्षों की बसों के बीच ओवरटेकिंग एवं आगे निकलने की प्रतिस्पर्धा की स्थिति बन रही है। इससे आए दिन विवाद की स्थिति उत्पन्न होने के साथ ही किसी भी समय गंभीर सड़क दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। ज्ञापन में कहा गया कि परिवहन निगम के इस प्रकार के संचालन से प्राइवेट बस ऑपरेटर्स को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। बस संचालकों को टैक्स, बीमा, परमिट, चालक-परिचालक के वेतन सहित अन्य खर्चों का वहन करना मुश्किल हो रहा है। आर्थिक नुकसान बढ़ने से बस संचालकों एवं उनसे जुड़े परिवारों के सामने रोजगार और आजीविका का संकट उत्पन्न हो गया है। एसोसिएशन ने यह भी आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में परिवहन सुविधाओं को बेहतर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन परिवहन निगम झांसी द्वारा प्राइवेट बस संचालकों के साथ अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा की स्थिति पैदा की जा रही है। एसोसिएशन का कहना है कि इससे न केवल निजी बस संचालकों को नुकसान हो रहा है, बल्कि यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है और यात्रियों के लिए भी जोखिम की स्थिति बन सकती है। बस ऑपरेटर्स ने राज्यमंत्री मनोहरलाल पंथ से मामले में हस्तक्षेप कर परिवहन विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने, परमिट एवं निर्धारित समय सारणी के अनुसार बस संचालन सुनिश्चित कराने तथा प्राइवेट बसों के निर्धारित मार्गों पर नियम विरुद्ध संचालन पर रोक लगाने की मांग की है। ज्ञापन पर जिला बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, महामंत्री अवधेश कौशिक, जितेन्द्र कुमार, मो. नईम, महेंद्र कुमार, राजू राजा, वृजेश कुमार सहित अन्य बस ऑपरेटर्स के हस्ताक्षर हैं।

बाल्टी फेंकने के विवाद ने लिया हिंसक रूप

सार्वजनिक हैंडपंप पर पानी भरने को लेकर खूनी संघर्ष, पांच पर मुकदमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

थाना कोतवाली क्षेत्र के दैलवारा चौकी अंतर्गत ग्राम गनगौरा (मजरा रावगढ़) में सार्वजनिक हैंडपंप से पानी भरने को लेकर हुआ विवाद मारपीट में बदल गया। आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते पांच लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर एक व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे उसके परिजनों के साथ भी मारपीट की गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम गनगौरा निवासी रघुराज पुत्र बालचंद्र ने बताया कि 9 सितंबर 2026 को दोपहर करीब 12.30 बजे उसका भतीजा राहुल पुत्र ईश्वरदास गांव के सार्वजनिक हैंडपंप पर पानी भरने गया था। इसी दौरान गांव की रहने वाली सविता पत्नी हाकिम वहां पहुंची और कथित रूप से पुरानी रंजिश के चलते राहुल की पानी से भरी बाल्टी उठाकर फेंक दी। राहुल द्वारा हैंडपंप को सार्वजनिक बताते हुए पानी भरने का विरोध करने पर आरोप है कि सविता गाली-गलौज करने लगी। इसी बीच हाकिम पुत्र भगवत, हेमराज पुत्र भगवत, गीता पत्नी हेमराज और लच्छो पत्नी भगवत भी लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि सभी ने राहुल के साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर-शराबा सुनकर राहुल के पिता ईश्वरदास और केशकली मौके पर पहुंचे तथा बीच-बचाव का प्रयास किया। आरोप है कि हमलावरों ने उनके साथ भी लाठी-डंडों से मारपीट की। इस दौरान ईश्वरदास के सिर समेत शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो आरोपी कथित रूप से जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। घटना की सूचना डायल-112 पर दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों की जानकारी ली और घायल ईश्वरदास को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा। पुलिस ने सविता पत्नी हाकिम, हाकिम पुत्र भगवत, हेमराज पुत्र भगवत, गीता पत्नी हेमराज और लच्छो पत्नी भगवत के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

बकरियां चराने जा रहे युवक पर लाठी-डंडों से हमला, मारपीट

ललितपुर। थाना जाखलौन क्षेत्र के ग्राम पडोरिया स्थित रेलवे अंडरब्रिज के पास बकरियां चराने जा रहे एक युवक के साथ गाली-गलौज और मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि बिना किसी बात के गाली-गलौज करने के बाद एक युवक ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे उसके हाथ में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की तहरीर पर जाखलौन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम आलापुर निवासी सोमिल प्रजापति पुत्र स्वर्गीय झगड़ू प्रजापति ने बताया कि 11 सितंबर 2026 को दोपहर करीब दो बजे वह अपनी बकरियां लेकर जा रहा था। जब वह पडोरिया रेलवे अंडरब्रिज के पास पहुंचा, तभी मुकेश कुशवाहा पुत्र श्यामलाल निवासी चीराकोडर ने उसे आवाज देकर अपने पास बुलाया। आरोप है कि सोमिल के पास पहुंचते ही मुकेश ने बिना किसी कारण उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जब सोमिल ने गाली देने से मना किया तो आरोपी ने लाठी-डंडों से उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में उसके हाथ में गंभीर चोटें आईं। घटना के समय आसपास कुछ ग्रामीण अपनी बकरियां चरा रहे थे। इनमें गौरीशंकर और गोलू भी मौजूद थे। उन्होंने घटना को देखा, लेकिन विवाद बढ़ता देखकर डर के कारण वहां से भाग गए। आरोप है कि मारपीट करने के बाद आरोपी मुकेश ने सोमिल को जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायत पर थाना जाखलौन पुलिस ने आरोपी मुकेश कुशवाहा पुत्र श्यामलाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

गोविंद सागर बांध की सड़क की होगी मरम्मत

समय सीमा समाप्त होते ही डामरीकरण व सुधार कार्य कराने का विभाग ने दिया गया आश्वासन

ललितपुर। गोविंद सागर बांध की गडढायुक्त सड़क की स्थायी मरम्मत की मांग को लेकर की गई शिकायत पर राजघाट निर्माण खंड ने अपना जवाब जारी किया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि गोविंद सागर बांध की टॉप रोड का नवीनीकरण वित्तीय वर्ष 2022-23 में कराया गया था और नियमानुसार उसकी निर्धारित नवीनीकरण अवधि अभी पूरी नहीं हुई है। अवधि पूरी होने के बाद सड़क की आवश्यक मरम्मत एवं सुधार कार्य नियमानुसार कराया जाएगा। मामला ग्राम मसीराकलां, विकासखंड जाखलौन निवासी हेमंत कुमार तिवारी द्वारा 12 अगस्त 2026 को दर्ज कराई गई शिकायत से जुड़ा है। शिकायतकर्ता ने संदर्भ संख्या 400167260115630 के माध्यम से गोविंद सागर बांध की सड़क में जगह-जगह गड्ढे होने का उल्लेख करते हुए उसकी स्थायी मरम्मत कराए जाने की मांग की थी। शिकायत के निस्तारण के लिए अमित कुमार, जूनियर इंजीनियर को नामित किया गया था।

इस संबंध में अधिशासी अभियंता, राजघाट निर्माण खंड, ललितपुर के कार्यालय से पत्र क्रमांक 263/रानिख/ल/आईजीआरएस (शिकायत), 9 सितंबर 2026 को विभागीय आख्या जारी की गई। विभागीय आख्या में सहायक अभियंता-प्रथम, राजघाट निर्माण खंड से प्राप्त रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया गया कि गोविंद सागर बांध की टॉप रोड का नवीनीकरण कार्य वित्तीय वर्ष 2022-23 में कराया गया था। नियमानुसार नवीनीकरण कार्य की निर्धारित समयसीमा अभी पूरी नहीं हुई है। इसी कारण वर्तमान में सड़क का स्थायी नवीनीकरण अथवा मरम्मत कार्य कराया जाना संभव नहीं बताया गया है। विभाग ने शिकायतकर्ता को आश्वस्त किया है कि नवीनीकरण की निर्धारित अवधि पूरी होते ही सड़क की आवश्यक मरम्मत एवं सुधार कार्य नियमानुसार करा दिया जाएगा। इससे सड़क की समस्या के स्थायी समाधान की उम्मीद जगी है। विभाग की ओर से दी गई जानकारी और भविष्य में मरम्मत कराए जाने के आश्वासन के बाद शिकायतकर्ता को संतुष्ट बताया गया है। शिकायत के निस्तारण की गुणवत्ता संतोषजनक श्रेणी में दर्ज की गई है। अवधि पूरी होने तक इंतजार करना पड़ेगा।

निशुल्क पुस्तकालय बना युवाओं के सपनों की उड़ान का सहारा

पुस्तकालय में प्रतिदिन पहुंच रहे दर्जनों छात्र-छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाली

नगर पंचायत पाली में नगर पंचायत अध्यक्ष पं. मनीष कुमार तिवारी एड. द्वारा नगर एवं क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य और उनके सपनों को साकार करने के उद्देश्य से संचालित की जा रही निःशुल्क पुस्तकालय युवाओं के लिए महत्वपूर्ण सहारा बनी हुई है। आर्थिक रूप से कमजोर एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं को बेहतर वातावरण और आवश्यक अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई इस पुस्तकालय का लाभ बड़ी संख्या में युवा उठा रहे हैं।

नगर पंचायत परिसर में संचालित इस निशुल्क पुस्तकालय में एसएससी से लेकर यूपीएससी, पीसीएस सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं एवं सरकारी विभागों से संबंधित पुस्तकों का संग्रह उपलब्ध कराया गया है। नगर और आसपास के क्षेत्र के ऐसे छात्र-छात्राएं, जो अपने जीवन में सरकारी नौकरी हासिल करने तथा बेहतर भविष्य बनाने का सपना देख रहे हैं, नियमित रूप से पुस्तकालय पहुंचकर अध्ययन कर रहे हैं।

24 घंटे उपलब्ध है अध्ययन की सुविधा

नगर पंचायत द्वारा संचालित इस पुस्तकालय की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसे 24 घंटे खुला रखा जाता है, जिससे छात्र अपनी सुविधा और समय के अनुसार यहां पहुंचकर पढ़ाई कर सकते हैं। पुस्तकालय में एक समय में लगभग 50 से 60 छात्र-छात्राओं की अध्ययन क्षमता है, प्रतिदिन दर्जनों युवा नियमित रूप से अध्ययन करने पहुंच रहे हैं। छात्रों के लिए पुस्तकालय में शांत एवं अध्ययन के अनुकूल वातावरण के साथ-साथ किताबें, टेबल, कुर्सियां, पंखे, कूलर, 24 घंटे बिजली की व्यवस्था, वाटर कूलर एवं पेयजल जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इससे विद्यार्थियों को गर्मी और बिजली जैसी समस्याओं की चिंता किए बिना प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने का अवसर मिल रहा है।

मिली शिक्षक की नौकरी

पुस्तकालय से अध्ययन कर सफलता प्राप्त करने वाले बलराज चौरसिया, जो वर्तमान में शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं, ने कहा कि उन्होंने इसी निःशुल्क पुस्तकालय में पढ़ाई एवं अध्ययन कर सरकारी शिक्षा विभाग में शिक्षक की नौकरी प्राप्त की है। उन्होंने नगर पंचायत अध्यक्ष मनीष कुमार तिवारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गरीब और जरूरतमंद छात्र-छात्राओं के लिए इस प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराना सराहनीय पहल है। निशुल्क पुस्तकालय के माध्यम से युवाओं को अपने सपनों को साकार करने के लिए बेहतर वातावरण और अध्ययन सामग्री मिल रही है। सुनील कुमार त्यागी ने कहा कि नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा बच्चों और युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए जिस प्रकार निशुल्क पुस्तकालय का संचालन किया जा रहा है, वह सराहनीय है। यह पुस्तकालय युवाओं के सपनों को पंख लगाने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या और उनकी आवश्यकताओं को देखते हुए जल्द ही इससे भी बड़ी एवं अत्यधिक सुविधाजनक पुस्तकालय का शुभारंभ किए जाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इससे क्षेत्र के और अधिक छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का अवसर मिलेगा।

कार्यशालाओं के माध्यम से भी मार्गदर्शन

नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि बच्चों को शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ाना और उन्हें सरकारी नौकरियों के लिए तैयार करना नगर पंचायत की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी उद्देश्य से पुस्तकालय के साथ-साथ समय-समय पर छात्र-छात्राओं की कार्यशालाओं एवं अध्यापकों की कार्यशालाओं का भी आयोजन किया जाता है। इन कार्यशालाओं में विद्यार्थियों को जीवन में एक निश्चित लक्ष्य निर्धारित करने, समय प्रबंधन, नियमित अध्ययन, प्रतियोगी परीक्षाओं की रणनीति तथा लक्ष्य प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत करने के संबंध में मार्गदर्शन दिया जाता है। नगर पंचायत पाली की यह पहल अब केवल एक पुस्तकालय तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए उम्मीद, मेहनत और सफलता का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनती दिखाई दे रही है।

अमझरा सरकार चंदेल आश्रम में जिला कार्यकारिणी का गठन

चंदेल समाज के नए जिलाध्यक्ष का चुनाव, पांच अक्टूबर को मनाएंगे महारानी दुर्गावती जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



अमझरा सरकार स्थित चंदेल आश्रम में चंदेल समाज की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज की एकता, शिक्षा के प्रसार, सामाजिक उत्थान एवं संगठन को मजबूत बनाने सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से मंथन किया गया। साथ ही आगामी 5 अक्टूबर को आयोजित होने वाली महारानी दुर्गावती चंदेल जयंती को भव्य एवं गरिमापूर्ण तरीके से मनाने की रूपरेखा भी तैयार की गई। बैठक के दौरान पुरानी जिला कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण होने पर उसे सर्वसम्मति से भंग कर नवीन जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से मड़ावरा निवासी रवि चंदेल को जनपद ललितपुर का नया जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। उनके जिलाध्यक्ष चुने जाने पर समाजजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनका स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रवि चंदेल ने समाज के लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने समाज को एकजुट करने, प्रत्येक परिवार तक संगठन की पहुंच बनाने तथा बच्चों एवं युवाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से संगठन की मजबूती के लिए सहयोग की अपील की। बैठक में घोषित नवीन जिला कार्यकारिणी में जिलाध्यक्ष रवि चंदेल, महासचिव शंकर चंदेल, जिला उपाध्यक्ष सुखलाल चकोरा एवं कंछेदी लाल, सचिव राजेश कुमार चंदेल, कोषाध्यक्ष मानसिंह चंदेल, मंत्री प्रभु दयाल चंदेल, संरक्षक समिति प्रीतम सिंह, बंट एवं शंकर सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई।

बैठक में आगामी 5 अक्टूबर को महारानी दुर्गावती चंदेल जयंती के आयोजन को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। समाजजनों ने जयंती समारोह को भव्य, गरिमापूर्ण एवं सामाजिक एकता का संदेश देने वाला आयोजन बनाने का निर्णय लिया। कार्यक्रम में समाज की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए तैयारियों को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक का सफल संचालन शंकर सिंह कैथोरा ने किया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे सैकड़ों समाजजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों ने सामाजिक एकता, शिक्षा, संगठन की मजबूती और समाज के उत्थान को लेकर अपने विचार रखे। युवा जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह एवं उनकी युवा टीम ने जिला कार्यकारिणी का जोरदार स्वागत किया।

फेसबुक-इंस्टाग्राम पर वीडियो वायरल करने, धमकी देने का आरोप लगाया



ललितपुर। ग्राम मालाखेड़ा निवासी आशा राम पुत्र हजारी ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर खुद और अपने परिवार को बदनाम करने तथा धमकी देने का आरोप लगाते हुए प्रभारी साइबर सेल को लिखित शिकायत दी है। शिकायतकर्ता ने मामले में जांच कर कार्रवाई करने तथा संबंधित सोशल मीडिया अकाउंट के विरुद्ध आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। 14 सितंबर को दिए गए शिकायत पत्र में आशा राम ने आरोप लगाया कि शहर क्षेत्र के मोहल्ला कसाई मंडी निवासी एक व्यक्ति द्वारा उनके परिजन के संबंध में कथित तौर पर आपत्तिजनक एवं गलत बातें सोशल मीडिया पर प्रसारित की जा रही हैं। फेसबुक आईडी और इंस्टाग्राम आईडी से लगातार वीडियो वायरल किए जा रहे हैं। आशा राम का आरोप है कि वीडियो के माध्यम से उनके परिजन पर तरह-तरह के आरोप लगाए जा रहे हैं तथा उसे फंसाने की धमकियां दी जा रही हैं। शिकायत में परिवार को जान से मारने की धमकी दिए जाने का भी आरोप लगाया गया है। इससे परिवार के लोग मानसिक रूप से परेशान हैं। शिकायतकर्ता ने कहा कि वीडियो में कनाई को लेकर ऐसी बातें कही जा रही हैं कि इसमें कुछ होता है तो उसके स्वयं जिम्मेदार कनाई है।

बाइक की टक्कर से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

ललितपुर। थाना बानपुर क्षेत्र में ललितपुर-टीकमगढ़ मार्ग पर कचनौदा घाट के पास करीब एक माह पूर्व हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मोटरसाइकिल ने बाइक सवार दो युवकों को पीछे से टक्कर मार दी थी। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हुए थे। उपचार के दौरान एक युवक ने ग्वालियर में दम तोड़ दिया, जबकि दूसरा युवक अभी गंभीर हालत में बताया जा रहा है। मृतक के पिता की तहरीर पर बानपुर पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिलाटा निवासी निर्भान सिंह पुत्र जगत सिंह बुन्देला ने बताया कि उनका 32 वर्षीय पुत्र देवेन्द्र सिंह बुन्देला 19 अगस्त 2026 की रात करीब नौ से दस बजे के बीच मोटर साइकिल से ललितपुर से अपने घर लौट रहा था। बाइक पर उसके पीछे शैलेन्द्र सिंह पुत्र अवतार सिंह भी बैठा था। बताया गया कि दोनों युवक जब ललितपुर - टीकमगढ़ रोड पर गड़ा कचनौदा घाट के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रही मोटरसाइकिल संख्या एम.पी. 32 एम.ई. 7732 के अज्ञात चालक ने वाहन को तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए उनकी बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर मारने वाला बाइक चालक भी गिर गया था। हादसे के बाद मौके पर मौजूद अरुण राजा, घायल शैलेन्द्र तथा अन्य लोगों ने टक्कर मारने वाली बाइक का नंबर नोट कर लिया। सूचना मिलने पर एम्बुलेंस और परिजन मौके पर पहुंचे तथा दोनों घायलों को उपचार के लिए ललितपुर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें झांसी स्थित शंकर अस्पताल रेफर कर दिया। देवेन्द्र सिंह की हालत में सुधार नहीं हुआ तो उसे ग्वालियर के यशोदा अस्पताल और बाद में जयारोग्य अस्पताल में भर्ती कराया गया।

परिषदीय अनुदेशक कल्याण एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी गठित

आलोक पाठक जिलाध्यक्ष, दिनेश कुमार बने जिला महामंत्री



ललितपुर । परिषदीय अनुदेशक कल्याण एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष विक्रम सिंह के निर्देशानुसार फिर से नवीनीकरण किया गया। इस दौरान संगठन की नई जिला कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया, जिसमें सभी पदाधिकारियों को निर्विरोध चुना गया। कार्यक्रम का संचालन संगठन के संरक्षक श्याम किशोर गौतम ने किया। उन्होंने अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए संगठन के जिला संयोजक का पद अंशु नामदेव को सौंपा। इसके बाद उपस्थित सदस्यों की सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का चयन किया गया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में आलोक पाठक को जिलाध्यक्ष, राजीव कुमार पंथ को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दिनेश कुमार को जिला महामंत्री, धर्मेंद्र कुमार नामदेव को जिला कोषाध्यक्ष, देवेंद्र विश्वकर्मा को जिला महासचिव, हरीश कुमार कुशवाहा और यशवंत सिंह को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया।

इसी क्रम में जगभान सिंह, विजय और जय सिंह को जिला सचिव तथा अमित कुमार त्रिपाठी को संगठन मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। संगठन की महिला शक्ति में संगीता चतुर्वेदी को जिला मोर्चा अध्यक्ष, सलमा शेख को महिला उपाध्यक्ष, अंजली कुशवाहा को महिला कोषाध्यक्ष, वंदना शुक्ला को महिला महामंत्री तथा नेहा श्रीवास्तव को महिला महासचिव चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने, परिषदीय अनुदेशकों के हितों और समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने तथा संगठन की एकजुटता बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में संगठन के महामंत्री दिनेश कुमार ने सभी पदाधिकारियों एवं उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया। अनुदेशक अभिषेक अवस्थी, अमित सोनी, हरी सिंह यादव, सोन सिंह, राजेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र सैनी आदि मौजूद रहे।

हवन-पूजन के बाद निकालेंगे भव्य शोभायात्रा

पाली विश्वकर्मा समाज का चुनाव, 17 को मनेगा भगवान विश्वकर्मा जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



विश्वकर्मा समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक नगर पाली में आयोजित हुई। बैठक में समाज की एकता, संगठन को मजबूत करने तथा भगवान विश्वकर्मा जन्मोत्सव को भव्य एवं धार्मिक उत्साह के साथ मनाने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से राजेन्द्र विश्वकर्मा को पाली विश्वकर्मा समाज का अध्यक्ष चुना गया।

अध्यक्ष चुने जाने पर समाजजनों ने फूल-मालाएं पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर उनका जोरदार स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं। बैठक में समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि के रचयिता तथा निर्माण एवं शिल्पकला के अधिष्ठाता के रूप में पूजा जाता है। विश्वकर्मा समाज के लिए भगवान विश्वकर्मा का जन्मोत्सव आस्था, श्रद्धा और गौरव का पर्व है। इसी क्रम में इस वर्ष 17 सितंबर को भगवान विश्वकर्मा जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के तहत 17 सितंबर को भगवान विश्वकर्मा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके उपरांत हवन-पूजन का आयोजन होगा, जिसमें समाज के लोगों के साथ नगरवासी भी शामिल होंगे। हवन-पूजन के दौरान भगवान विश्वकर्मा से समाज एवं क्षेत्र में सुख-समृद्धि, शांति और उन्नति की कामना की जाएगी। पूजा-अर्चना के बाद भगवान विश्वकर्मा की भव्य झांकी के साथ नगर में शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा को लेकर समाज के युवाओं में विशेष उत्साह है। इसमें भगवान विश्वकर्मा की आकर्षक झांकी, धार्मिक ध्वज एवं सजावट प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहेगी। शोभायात्रा में समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे। राजेन्द्र विश्वकर्मा के अध्यक्ष चुने जाने के बाद समाज के लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। फूल-मालाएं पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी गई। समाजजनों ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में समाज में एकता और आपसी भाईचारा मजबूत होगा तथा सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेन्द्र विश्वकर्मा ने समाज के लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज की एकता, आपसी भाईचारा तथा युवाओं की सहभागिता बढ़ाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। उन्होंने सभी समाजजनों से 17 सितंबर को आयोजित भगवान विश्वकर्मा पूजन महोत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि किसी भी समाज की मजबूती उसकी एकता, संगठन और आपसी सहयोग पर निर्भर करती है। इसलिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को संगठन से जोड़ने तथा सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। युवाओं से भी आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। समाजजनों ने कहा कि 17 सितंबर को भगवान विश्वकर्मा जन्मोत्सव पर पाली नगर में धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकता का संदेश भी देखने को मिलेगा।

आरोपी से 10 लाख 50 हजार रुपये नकद व मोबाइल फोन जब्त किया

फर्म के खातों में हेराफेरी व कूटरचना कर लाखों की धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

जिला राजगढ़ में धोखाधड़ी एवं आर्थिक अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा ऐसे अपराधों में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के लिए चलाए जा रहे है। अभियान अंतर्गत पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे एवं एसडीओपी ब्यावरा प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में थाना ब्यावरा (देहात) पुलिस द्वारा फर्म के खातों में हेराफेरी एवं कूटरचना कर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है।

पुलिस के मुताबिक सिद्धांत पिता विनीत कुमार गुप्ता, उम्र 35 वर्ष, निवासी सेठ एंड संस टाटा मोटर्स शोरूम, ए.बी. रोड, गुना'' द्वारा थाना ब्यावरा (देहात) में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उनकी फर्म के ब्यावरा स्थित



टाटा मोटर्स शोरूम में ''सेल्स एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत संजय कुमार पिता कैलाश नारायण सक्सैना'' निवासी पानिया पचोर द्वारा फर्म के अकाउंट में हेराफेरी एवं कूटरचना कर फर्म की राशि में गबन धोखाधड़ी की गई है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना ब्यावरा (देहात) में ''अपराध क्रमांक 298/2026, धारा 318(4), 316(5), 338, 336(3), 340(2) बीएनएस'' के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए तत्काल विशेष टीम गठित कर आरोपी की तलाश प्रारंभ की गई।

इसी दौरान रविवार को विश्वसनीय मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा ''पचोर रेलवे स्टेशन के सामने जोड़'' पर दबिश देकर आरोपी ''संजय कुमार सक्सैना'' को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा घटना के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी का खुलासा किया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही एवं कब्जे से धोखाधड़ी से संबंधित ''10 लाख 50 हजार रुपये नगद'' तथा घटना में प्रयुक्त ''मोबाइल फोन'' जप्त किया गया। आरोपी को विधिवत माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

पांच बच्चे डूबे थे, दो अन्य बच्चे गंभीर व एक सुरक्षित

सीलखेड़ा बारी तालाब में दो सगे भाइयों की डूबने से मौत, ग्रामीण युवक ने निकाला बच्चों को बाहर



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा/लखनवास

समीपस्थ सीलखेड़ा गांव के बारी तालाब में एक बेहद दर्दनाक हादसा सामने आया है। तालाब में नहाने गए पांच बच्चों में से दो सगे भाइयों की डूबने से मौत हो गई। मृतक पहचान विजय और आजाद वर्मा के रूप में हुई है। पिता के तीन बेटों में से दो की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। जानकारी अनुसार ज्ञानसिंह मेवाड़े निवासी सीलखेड़ा तालाब साइट कहीं से आ रहे थे, तभी एक



बुजुर्ग ने आवाज लगाई कि तालाब में बच्चे डूब गए हैं। इस पर ज्ञानसिंह ने बिना देर किए तुरंत तालाब में छलांग लगा दी और एक-एक कर सभी बच्चों को बाहर निकाला। इसके बाद वे खुद की गाड़ी से सभी घायल बच्चों को ब्यावरा सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे। हालांकि अस्पताल पहुंचने पर दो बच्चों की जान नहीं बच सकी, लेकिन उनका यह सराहनीय कार्य है। दो अन्य बच्चे गंभीर हैं,एक सुरक्षित है। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

कई वर्षों पहले लोदीपुरा में भी हुआ था ऐसा हादसा

इसी तरह की घटना कई वर्ष पहले लोदीपुरा के तालाब में भी हुई थी, जहां लखनवास के तीन बच्चे नहाने गए थे और तीनों की डूबने से मौत हो गई थी। गांव वालों ने प्रशासन से अपील की है कि बारी तालाब सहित सभी गहरे तालाबों पर तार फेंसिंग और चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं। ग्रामीणों ने बताया कि तालाबों से जेसीबी से अवैध मुरम खनन के कारण गहरे गड्ढे बन जाते हैं, जिसका बच्चों को पता नहीं चलता और वे हादसे का शिकार हो जाते हैं। इसका भी उचित समाधान किया जाए।

चोरों का तांडवः दीवार में सेंध लगाकर दो घरों में चोरी, ग्रामीणों में दहशत, पुलिस गश्त की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

लखनवास के ग्रामीण क्षेत्रों में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। शनिवार की दरमियानी रात चोरों ने ग्राम कानरखेड़ी को निशाना बनाते हुए दो घरों में सेंधमारी की और नकदी-जेवर सहित सामान लेकर फरार हो गए।

महज 20 दिन पहले पास के गांव पालड़ी गुसाई में एक ही रात पांच घरों में हुई चोरी के बाद, अब कानरखेड़ी में हुई इस वारदात से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार रात अज्ञात चोरों ने संतोष पूरी पिता जगदीश पूरी और सुरेश पूरी पिता प्रेम पूरी के घरों को निशाना बनाया। चोर पीछे खेत के रास्ते से पहुंचे और दोनों मकानों की पिछली दीवार में छेद बनाकर अंदर दाखिल हुए। पीड़ति संतोष पूरी के घर से चोर







लगभग एक लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात समेट कर ले गए। वहीं, पास ही स्थित सुरेश पूरी के घर में दाखिल होकर चोर कपड़ों और सामान से भरी पेटी ही उठा ले गए।रविवार सुबह जब परिजनों और ग्रामीणों को वारदात का पता चला, तो गांव में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया।

इलाके में चोरी का खौफ, रात में पुलिस गश्त की मांग- करीब 20 दिन पहले पालड़ी गुसाई में पांच घरों के ताले टूटे थे, और अब कानरखेड़ी में हुई इस घटना ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। लगातार हो रही वारदातों से लोगों में असुरक्षा की भावना घर कर गई है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में रात के समय पुलिस गश्त नियमित रूप से शुरू की जाए ताकि आगे ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके और चोरों को जल्द गिरफ्तार किया जा सके ।

सिहस्थ 2028 की तैयारियों को लेकर चिंतामणि ईश्वर महादेव मंदिर विकास समिति की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

नगर की धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाएं समाज में नैतिक मूल्यों, मानवीय सेवा और सांस्कृतिक एकता की भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इसी क्रम में श्री चिंतामणि ईश्वर महादेव मंदिर विकास समिति द्वारा मंदिर परिसर के विकास एवं आगामी व्यवस्थाओं को लेकर देवकुआं मंदिर परिसर में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विष्णु प्रसाद जोशी ने की। शुभारंभ श्री चिंतामणेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। बैठक में विश्व प्रसिद्ध सिंहस्थ उज्जैन-2028 के परिप्रेक्ष्य में मंदिर परिसर में आवश्यक व्यवस्थाओं एवं निर्माण कार्यों पर विचार-विमर्श किया गया।

समिति ने परिसर में 18×14 फीट के हॉल का निर्माण कराने का निर्णय लिया। हॉल का निर्माण प्रतिष्ठित कपड़ा व्यापारी कांतिलाल सूरजमल चैधरी एवं संचालक अनूप चैधरी द्वारा अपने माता-पिता की स्मृति में कराया जाएगा। वहीं समिति द्वारा जनसहयोग से भोजनशाला का निर्माण भी कराया जाएगा। समिति अध्यक्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर सर्वसम्मति से विष्णु प्रसाद जोशी को पुनः आगामी तीन वर्षों के लिए अध्यक्ष



चुना गया तथा नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर महादेव मित्र मंडल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जितेंद्र सोलंकी का साफा बांधकर सम्मान किया गया। बैठक के बाद समिति सदस्यों ने मंदिर परिसर में पीपल का पौधा रोपित कर ट्री गार्ड लगाकर उसकी सुरक्षा की।इस दौरान बैठक में उपस्थित वरिष्ठ रामनारायण टेटवाल, नंदकिशोर सोनी, जय हिंद प्रकाश दुबे, ओमप्रकाश राठी,लक्ष्मी नारायण त्रिकार, प्रेम नारायण पुष्पद, शिव सिंह चैहान, रमेश चंद महेश्वरी, ओम प्रकाश पुष्पद, महेश पाटीदार, अशोक साहू, वल्लभ सोनी, भूपेंद्र जोशी, रमेश चंद गुजरिया, शिवनारायण मालवी, कैलाश पुष्पद, पुजारी हरीश पुरी, आदि ने बैठक पश्चात परिसर में पीपल के पौधे का रोपण किया जिसे ट्री गार्ड लगाकर सुरक्षित भी किया।

सेवा सुशासन और विकसित भारत के संकल्प के साथ जन-जन तक पहुंचेगी भाजपा

प्रेसवार्ता के माध्यम से विधायक हरदीपसिंह डंग ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

सुवासरा विधायक हरदीपसिं डंग ने कहा कि आज के दौर में जहाँ सरकारों का 5 वर्ष पूरा होना भी एक उपलब्धि होती है, वहीं भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण लोकतंत्र में 25 वर्षों तक लगातार जनता का आशीर्वाद पाना और उनकी सेवा करना अपने आप में असाधारण है और लोकतांत्रिक इतिहास का स्वर्णिम अध्याय भी। इसी के निमित्त भाजपा सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से एक माह के दौरान जन-जन तक पहुंचेगी। प्रधानमंत्री जी ने देश में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला। 4.5 करोड़ से अधिक परिवारों को प्रधानमंत्री आवास प्रदान किया। 12 करोड़ इज्जत घरों (शौचालयों) का निर्माण कराने के साथ 100



करोड़ से अधिक लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन से जोड़ा गया। जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता सुवासरा विधायक हरदीपसिंह डंग के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपालसिंह सिसौदिया जिला महामंत्री शिवराजसिंह राणा एवं जिला भाजपा मीडिया प्रभारी निलेश जैन उपस्थित रहें।

विधायक डंग ने कहा कि भाजपा मध्यप्रदेश द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक पूरे प्रदेश में श्सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सेवा यात्रा, जनकल्याणकारी योजनाओं और विकसित भारत 2047 के संकल्प को जनता के बीच ले जाना है। 17 सितंबर से 7 अक्टूबर के मध्य विकसित भारत की कल्पना जैसे विषयों पर प्रदेश के सभी सरकारी एवं प्राइवेट स्कूलों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा किए गए सेवा कार्यों और विकसित भारत की संकल्पना पर चित्रकारी, ड्राइंग और भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। विजेताओं को प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे। हरदीप डंग ने कहा कि हर जिले और हर गांव में निकाली जाएगी। पदयात्रा, साइकिल रैली और बाइक रैली के माध्यम से कार्यकर्ता और आमजनता अलग-अलग दिशा से छोटी-छोटी यात्राओं में निकलेंगे और अंत में एक जगह पर आकर मिलेंगी, जहां बड़ा कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में 25 वर्षों की प्रमुख सेवा एवं विकास उपलब्धियों की जानकारी दी जाएगी, साथ ही विकसित भारत-2047 का सामूहिक संकल्प लिया जाएगा।

सेवा मेरा योगदान - यह अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। प्रत्येक कार्यकर्ता समाजसेवा में अपना योगदान देंगे। अभियान के तहत 25 प्रकार की सेवा गतिविधियां संचालित की जाएंगी। प्रत्येक नागरिक कम से कम 25 मिनट का श्रमदान करके सेवा संकल्प अभियान में अपनी भागीदारी दर्ज करा सकता है।

समाजसेवी पाटीदार का निधन बड़ी बेटी ने दी मुखाग्नि

मंदसौर। मंदसौर जिले के मल्हारगढ़ तहसील बूढा के शिक्षाविद ओम प्रकाश पाटीदार का देवलोक गमन हो गया था। स्व श्री



पाटीदार मंदसौर नगर पालिका के वार्ड क्र 39 की पार्षद भारती पाटीदार के पिता और भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष धीरज पाटीदार के ससुर जी थे। पाटीदार के तीन संतान हैं और तीनों पुत्रियां हैं, पिता स्व. श्री ओम प्रकाश पाटीदार को मुखाग्नि उनकी बड़ी बेटी भारती पाटीदार ने अन्य परिजनों के साथ दी। ओम प्रकाश पाटीदार अपने जीवन काल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लिए सेवा और समर्पण भाव से कार्य किया। ग्रामीण क्षेत्रों में सरस्वती शिशु मंदिर के संचालन में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका रही, तथा आप ग्राम भारती में सचिव के पद पर रहे।

मदर्स मास्टरशेफ प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरा/ मंदसौर

क्षेत्र की शिक्षण संस्था श्रीमती कमला सकलेचा ज्ञान मंदिर विद्यालय में -- हो मोमस मास्टरशेफ-- प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कई महिला अभिभावकों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में कई प्रकार के व्यंजन बनाकर उन्हें प्रस्तुत करने के तरीके दिखाए जाते हैं। साथ ही उनके टेस्ट को भी चेक किया जाता है। कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके विद्यालय की प्राचार्य डॉ अर्चना सिंह ने सभी अभिभावकों का स्वागत किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों से अभिभावकों में एक नए उत्साह का संचयन होता है। साथ ही नई पीढ़ी के लिए भी यह प्रेरणादायक है। कार्यक्रम में गरोठ, भानपुरा, गांधी सागर लोटखेड़ी रोड से कई महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से निमिषा वाधवा, नैंसी कला, मेघा जैन, सरिता माल, वैशाली कसेरा, निधि कसेरा, सुमन कसेरा, रीना



कसेरा, ममता शर्मा, ज्योति कसानिया, नेहा खान, सोनल विजयवर्गीय, नादिरा शाहीन, शाइना, नमीरा बी, शाइना बी अंसारी भानपुरा तथा दीपिका अग्रवाल, टीनू अग्रवाल, लकी अग्रवाल, प्रीति गोयल, संगीता धनोतिया गरोठ आदि ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इसमें विस्करा क्वींस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में प्राचार्य, मैडम अग्रवाल एवं विद्यालय के मेस इंचार्ज राकेश माहेश्वरी निर्णायक के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम के आयोजन में विद्यालय की शिक्षिका रीता भट्ट, निकिता भाना एवं ममता व्यास द्वारा सराहनीय योगदान दिया। विद्यालय के पीआरओ अशोक व्यास ने बताया कि विद्यालय आगामी 21 अक्टूबर से चैती महोत्सव का आयोजन कर रहा है जिसमें कई देश-विदेश के ख्याति प्राप्त प्रशिक्षक आएंगे। इसमें भी महिला अभिभावकों के लिए विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के लिए एक दिन सुनिश्चित किया जा रहा है। अतः सभी अभिभावकों को पूरे उत्साह के साथ इसमें भाग लेना चाहिए। आयोजन पर विद्यालय की चेयरपर्सन नीति मोदी, सचिव प्रतिभा सकलेचा तथा संस्था प्रमुख शरद सकलेचा ने सभी अभिभावकों, एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को बधाई प्रेषित की है।

हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता रैली निकाली गई

हिन्दी को राष्ट्रभाषा का सम्मान दिलाने प्रयासों की आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

म.प्र. हिंदी साहित्य सम्मेलन की जिला इकाई के तत्वावधान में 14 सितंबर हिन्दी दिवस के अवसर पर प्रति वर्षानुसार सरदार पटेल चौराहा से भारत माता चौराहा तक हिंदी जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में नगर की विभिन्न साहित्यिक संस्थाओं के प्रतिनिधि गण स्कूली विद्यार्थी, शिक्षाविद, समाजसेवी, हिन्दी प्रेमी सम्मिलित हुए। सभी अपने हाथों में हिन्दी सम्मान के नारों की पट्टियां लिये ओर उदघोष करते चल रहे थे। सरदार पटेल चौराहा से आरंभ होकर रैली जिला चिकित्सालय के सामने से गांधी चौराहा नेहरू बस स्टैंड होकर भारत माता चौराहा पहुंची जहां एक नुक्कड़ सभा का आयोजन हुआ।

शिक्षाविद् रमेश चंद्र चंद्रे ने संबोधित करते हुए कहा कि सन 1920 में महात्मा गांधी ने कांग्रेस के अधिवेशन में कहा था कि जिस राष्ट्र की कोई भाषा नहीं होती वह



राष्ट्र गूंगा होता है।आज भी हिंदी को राष्ट्रभाषा का सम्मान मिलना बाकी है। इस दिशा में ईमानदार प्रयासों की आवश्यकता है। हिंदी की बात करने वाले ही अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में पढ़ाते हैं। जब तक हम हिन्दी को दिनचर्या में नहीं उतारेंगे तब तक वास्तविक सम्मान नहीं दिला सकते। समाजसेवी डॉ देवेंद्र पुराणिक ने कहा कि हिंदी के प्रति जागरूकता तो है किंतु समर्पण की अभी भी कमी है। बड़े दुर्भाग्य की बात है कि लोग हिंदी का उपहास करते हैं। वरिष्ठ पत्रकार डॉ. घनश्याम बटवाल ने कहा कि हिंदी हमारे देश की पहचान है और स्वाभिमान का प्रतीक है हमें केवल बातों में ही नहीं आचरण में भी हिंदी आत्मसात करना चाहिए।

म. प्र. हिंदी साहित्य सम्मेलन की जिला इकाई के अध्यक्ष वेद मिश्रा ने कहा कि तकनीक के साथ हिंदी का भी विस्तार हो रहा है ए आई तकनीक ने हिंदी को व्यापक किया है। कंप्यूटर आया तब लग रहा था कि हिंदी का युग खत्म हो गया लेकिन हिंदी की शक्ति और बड़ी है। हाल ही में जो ब्रिक्स का सम्मेलन हुआ उसमें अंग्रेजी भाषा का उपयोग किसी भी राष्ट्र अध्यक्ष ने नहीं किया। हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी ने कहा कि हमें भारत में ही हिन्दी के सम्मान और स्वाभिमान के लिए संघर्ष करना पड़ता है यह विसंगति पूर्ण बात है।भारत का पर्याय है हिंदी। भाषा की आत्मा के स्वर है हिंदी। दक्षिण भारत में केवल राजनेतिक कारणों से हिंदी का विरोध होता है। जबकि दक्षिण भारत के लोगों को भी अपने व्यवसाय के विस्तार और स्वयं की पहचान प्रसिद्धि बढ़ाने के लिए हिंदी का ही सहारा लेना पड़ता है। साहित्य परिषद के सचिव नंदकिशोर राठौर ने हिंदी के सम्मान में काव्य पाठ किया हिंदी मुकुट है भारत का। वरिष्ठ कवि राजेंद्र तिवारी ने कहा कि जिस प्रकार राष्ट्रगीत राष्ट्रगान और राष्ट्र ध्वज होता है उसी प्रकार राष्ट्रभाषा भी हिंदी होनी चाहिए।

26 को मनाया जाएगा जगतगुरु रामदयाल जी महाराज का 70वां जन्मोत्सवः सेठिया

जांगड़ा पोरवाल समाज ट्रस्ट की बैठक संपन्न

मंदसौर। जांगड़ा पोरवाल समाज न्यास मंदसौर के ट्रस्टीगणों की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को पोरवाल छात्रावास, रामटेकरी पर ट्रस्ट अध्यक्ष रमेशचंद्र सेठिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विषयों के साथ आगामी परिचय सम्मेलन एवं जगद्गुरु स्वामी रामदयाल जी महाराज के 70वें जन्मोत्सव को लेकर प्रस्ताव ट्रस्ट सचिव जगदीश काला द्वारा बैठक मे रखा गया जिस पर विस्तृत चर्चा की गई।



बैठक में सदन द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समाज का 16वां परिचय सम्मेलन 27 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन की तैयारियों एवं आयोजन को लेकर भी आवश्यक चर्चा की गई। इसके साथ ही जगद्गुरु स्वामी रामदयाल जी महाराज का जन्मोत्सव 26 सितंबर को मनाने का निर्णय लिया गया। जन्मोत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक संध्या एवं संतजनों का सम्मान और आशीर्वचन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम 26 सितंबर शनिवार को शाम 7 बजे से पोरवाल छात्रावास, रामटेकरी मन्दसौर पर आयोजित होगा। बैठक में ट्रस्टीगण महानुभावो ने आयोजन को सफल बनाने के लिए सक्रिय सहभागिता एवं आवश्यक तैयारियों पर भी विचार-विमर्श किया। बैठक में ट्रस्टीगण जगदीशचंद्र सेठिया, सुरेन्द्र फरक्या, बालाराम गुप्ता, जगदीशचंद्र चौधरी, रामनिवास धनोतिया, लक्ष्मी नारायण कोठारी, उपाध्यक्ष रामगोपाल गुप्ता, कोषाध्यक्ष रामगोपाल महाजन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश रत्नावत, दिलीप मजावदिया आदि उपस्थित रहे।